लेखपाल के 7,000 पदों की अधिसूचना अगले माह

■ एनबीटी ब्यूरो, लखनऊ : यूपी अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (UPSSSC) अगले महीने लेखपाल के पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू करेगा। प्रदेश में करीब 7000 पदों पर लेखपाल की भर्ती की जानी है।

सूत्रों के मुताबिक अक्टूबर के पहले हफ्ते में भर्ती के लिए विज्ञापन निकाले जाने की तैयारी है। अभ्यर्थियों को विज्ञापन निकलने के बाद करीब एक महीने का समय आवेदन करने के लिए मिलेगा। आवेदन मिलने के बाद लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी। सूत्रों के मुताबिक इस वित्तीय वर्ष के अंत तक भर्ती प्रक्रिया को पूरा कर लिया जाएगा।

शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक उच्चस्तरीय बैठक में राजस्व विभाग के खाली पदों पर भर्ती प्रक्रिया जल्द शुरू करने के निर्देश दिए थे। इसमें लेखपाल के साथ-साथ लिपिकीय संवर्ग के 2,000 पदों पर भी भर्ती की जाएगी। इन दोनों पदों पर भर्ती के लिए अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को जल्द अधियाचन भेजा जाएगा।

यूपी अधीनस्थ सेवा चयन आयोग करेगा भर्ती